तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 10 मई 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 ट्रेलर की टक्कर से भाई-बहन की मौत, कार की भिड़ंत में गई एक जान



## खबर संक्षेप

### बिना नम्बर प्लेट दौड़ रही नई 108 एम्बुलेंस



**बैकुण्ठपुर।** जिला अस्पताल बैकुंठपुर को हाल ही में डायल 108 की नई संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस मिली है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इनमें से एक एम्बुलेंस बिना नम्बर प्लेट के ही सड़कों पर दौड़ रही है। लोगों की जान बचाने के लिए उपयोग में लाई जा रही यह एम्बुलेंस परिवहन नियमों की अनदेखी करती नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार नई एम्बुलेंस को अस्पताल प्रबंधन द्वारा सेवा में लगा दिया गया है, जबकि वाहन पर अब तक पंजीयन नंबर अंकित नहीं किया गया है। बिना नम्बर प्लेट वाहन संचालन को लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा आज

**बैकुण्ठपुर।** प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा 10 मई की सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। उक्त प्रवेश परीक्षा के परीक्षार्थियों को दो घंटा पूर्व ही पहुंचने के निर्देश जारी किए हैं, वहीं परीक्षार्थियों को 9:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 14 से

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने तथा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस विशेष शिविर में बच्चों एवं युवाओं को विभिन्न खेल विधाओं में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में कबड्डी, फुटबॉल, कराते, क्रिकेट एवं बैडमिंटन जैसे लोकप्रिय खेलों को शामिल किया गया है। फुटबॉल एवं क्रिकेट का प्रशिक्षण आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगा, जबकि कबड्डी का प्रशिक्षण खेलो इंडिया लघु केन्द्र बंजी में दिया जाएगा। बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए नई लेदरी स्थित बैडमिंटन हॉल में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। वहीं कराते प्रशिक्षण वार्ड क्रमांक 9 पेण्ड्रा दफाई मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 14 मई से 3 जून तक किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 6 से 8 बजे तक एवं सायं 5 से 7 बजे तक संचालित होगा।

### बिजुरी मंडल में भाजपा की संगठनात्मक बैठक



**बिजुरी।** भाजपा जिला अनूपपुर के अंतर्गत बिजुरी मंडल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल एवं भाजपा जिला प्रभारी संजय साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, मंडल प्रभारी सुनील चौरसिया तथा बिजुरी मंडल अध्यक्ष रिंकू शर्मा सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला प्रभारी संजय साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1 से 7 मई तक सभी मंडलों में बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जबकि 20 से 25 मई के बीच बूथ एवं शक्ति केन्द्र स्तर पर बैठकें होंगी। उन्होंने बूथ अध्यक्षों और शक्ति केन्द्र प्रभारियों से संगठन की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

### उज्ञांव जनसमस्या निवारण शिविर में 70 आवेदन निराकृत

# बरगद और साल के पेड़ की छांव में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत सोनहत जनपद पंचायत के दूरस्थ ग्राम उज्ञांव में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

■ 7 गांवों के ग्रामीण हुए शामिल

विशेष बात यह रही कि शिविर का आयोजन बरगद एवं साल के पेड़ों की छांव में खुले मैदान में किया गया, जहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जाता है तथा योजनाओं से संबंधित जानकारी के लिए संबंधित विभागीय कार्यालयों से संपर्क किया जा सकता है।

जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। इसके पूर्व संबंधित विभागों द्वारा आवेदनों को स्कैन कर परीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, ताकि यथासंभव त्वरित निराकरण किया जा सके। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य ने किसानों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि एग्रीस्टेक पंजीयन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिना एग्रीस्टेक पंजीयन के किसानों को केन्द्र एवं राज्य शासन की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पटवारी अथवा कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी में जाकर आवश्यक दस्तावेज एवं पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण करें। साथ ही महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों से समय पर ई-केवाईसी कराने का आग्रह किया गया।

शिविर में विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 489 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से करीब 70 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत 5 प्रतिशत मॉडल के तहत सोख्ता गड्ढा निर्माण करने वाले किसानों एवं पंच-सरपंचों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्रियों का वितरण भी किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम सोनहत अमित गुप्ता, जनपद पंचायत सोनहत के सीईओ मनोज सिंह जगत, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों सहित ग्राम उज्ञांव, अमृतपुर, सिंघोर, नटवाही, रामगढ़, आनंदपुर एवं दसेर के काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व अन्य।



शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

# मधुमक्खियों के हमले से 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

जिले के ग्राम पंचायत खरवत अंतर्गत ग्राम करमडॉड़ में तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए ग्रामीणों पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, इसमें एक 10 वर्षीय बच्चा सहित 5 लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया। जानकारी के अनुसार ग्रामीण जंगल क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लगे थे, तभी मधुमक्खियों का झुंड भड़क उठा और उन्होंने वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। घायलों में महेश कुमार सारथी, बबली सारथी, श्यामकली नायक, गुरमी बाई और एक 10 वर्षीय बच्चा शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति फिलहाल सामान्य बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल क्षेत्रों में इस प्रकार की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता सीजन में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी जंगल जाते हैं, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। इसी तरह चरचा क्षेत्र के श्रमिक चौक में लंबे समय से बने मधुमक्खियों के छत्ते ने भी राहगीरों और मजदूरों के लिए खतरा बढ़ा दिया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि कई लोग इससे घायल भी हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन और संबंधित विभाग अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि श्रमिक चौक में बने मधुमक्खियों के छत्ते को तुरंत हटाया जाए और जंगल क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने यह भी जोर दिया कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लगे श्रमिकों को सुरक्षा संबंधी जानकारी और प्राथमिक उपचार की सुविधा प्रदान की जाए, ताकि जंगलों में ऐसी घटनाओं से लोगों की जान बचाई जा सके।

■ तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे ग्रामीण











# जिले का शिक्षा विभाग बना सवालों के घेरे में

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने जिला प्रशासन और तत्कालीन प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के कार्यकाल में नियम-कानून को ताक में रखकर जिले को जैसे-तैसे चलाया गया और कई नियम विरूद्ध प्रभारों पर प्रशासनिक मोहर लगाई गई। पूर्व विधायक ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में बिना पद स्वीकृति लोगों को प्रभार और जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पात्रता और नियमों की अनदेखी कर कार्यालयीन कार्यों में बैठाया गया, जबकि स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी बनी रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्कूलों से शिक्षकों को हटाकर कार्यालयों में अटैच कर दिया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हुई। एकल शिक्षक स्कूलों की स्थिति और खराब होती गई, लेकिन प्रशासन ने इस ओर ध्यान देने के बजाय नियम विरुद्ध प्रभार देने में रुचि दिखाई। मनेन्द्रगढ़ विकासखंड में प्रभारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के प्रभार को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि नियम और पात्रता को दरकिनार कर परिवीक्षा अवधि में कर्मचारी को प्रभार दिया गया। शासन के नियमानुसार प्रभार और आहरण संवितरण का अधिकार स्थाई अधिकारी को ही दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के कार्यकाल में भी भारी अनियमितताएं हुईं। जिले को जैसे-तैसे चलाया गया और नियम विरुद्ध प्रभारों पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। जब नियम सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएं, तब व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अव्यवस्था और मनमानी का परिणाम यह हुआ कि आज एमसीबी जिले की शिक्षा व्यवस्था पूरे छग में बदहाल स्थिति का उदाहरण बन चुकी है। पत्र कर्मचारियों की अनदेखी कर मनमाने तरीके से प्रभार दिए गए और शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया गया। पूर्व विधायक श्री कमरो ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाले अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण लेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता और शिक्षा विभाग में हुए नियम विरूद्ध कार्यों की जवाबदेही तय होना आवश्यक है।



■ नियम विरुद्ध प्रभार पर पूर्व विधायक ने उठाए सवाल

### रोक्तिमा होंगी कोरिया की नई कलेक्टर

**बैकुण्ठपुर।** राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादला आदेश में संशोधन करते हुए कोरिया जिले की नई कलेक्टर के रूप में श्रीमती रोक्तिमा यादव को पदस्थ किया गया है। गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पूर्व तबादला सूची में कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी का स्थानांतरण किया गया था तथा उनके स्थान पर सुश्री पुष्पा साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बाद में जारी संशोधित आदेश में बदलाव करते हुए वर्ष 2016 बैच की आईएएस अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव को कोरिया जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया। वहीं पूर्व में कोरिया कलेक्टर पद के लिए पदस्थ की गईं सुश्री पुष्पा साहू, भाप्रसे 2012 को सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की जिम्मेदारी दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 8 मई को संशोधित आदेश जारी किया।

# फर्जी डिजिटल उपस्थिति का मामला तूल पकड़ा

**बिजुरी।** जिले के शासकीय महाविद्यालय राजनगर में सार्थक ऐप के माध्यम से कथित फर्जी डिजिटल उपस्थिति दर्ज किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। लंबे समय से चल रहे इस खेल को लेकर अब जांच तेज हो गई है और कई अतिथि विद्वानों पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार कुछ अतिथि विद्वान महाविद्यालय में उपस्थित हुए बिना ही अपने गृह गांव अथवा जिले से बाहर रहते हुए सार्थक ऐप पर हाजिरी दर्ज कर रहे थे। मामले के सामने आने के बाद शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के मुताबिक कई शिक्षक ओडी यानी ऑफिसियल ड्यूटी के नाम पर कॉलेज से बाहर रहते थे, लेकिन उसी दौरान उनकी डिजिटल लोकेशन अन्य स्थानों की दिखाई दे रही थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि संबंधित कर्मचारी विश्वविद्यालय अथवा विभागीय कार्य से बाहर भेजे गए थे तो उनकी उपस्थिति किसी दूसरे क्षेत्र से कैसे दर्ज हुई। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला कई महीनों से सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा था। सूत्रों के अनुसार इस पूरे मामले में कॉलेज प्रशासन की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि प्रभारी प्राचार्य के संरक्षण में यह व्यवस्था लंबे समय से चल रही थी, जिससे संबंधित कर्मचारियों में जवाबदेही खत्म होती गई। बिना कार्य किए वेतन लेने और शासन की राशि के दुरूपयोग को अब गंभीर वित्तीय अनियमितता के रूप में देखा जा रहा है। मामले की जांच फिलहाल लीड कॉलेज स्तर पर की जा रही है। जानकारी के अनुसार संदिग्ध पाए गए अतिथि विद्वानों का भुगतान रोक दिया गया है। जिन कर्मचारियों की लोकेशन कार्यक्षेत्र से बाहर मिली है, उनकी उपस्थिति काटी जा रही है और उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा जा रहा है।




#### नोटिस जारी करुंगा

कुछ शिक्षकों को बच्चों के कार्य एवं विश्वविद्यालय संबंधी कामों के लिए मौखिक आदेश पर भेजा जाता था। उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षक हमारे मौखिक आदेश से बच्चों के काम के लिए यूनिवर्सिटी जाते हैं। अगर उनका लोकेशन यूनिवर्सिटी का नहीं शो कर रहा है, तो मैं छुट्टी से लौटने के बाद नोटिस देकर जानकारी लूंगा।

-सुनील भोंसले, प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय राजनगर

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर बेलबहरा विद्यालय ने बढ़ाया जिले का मान

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के जूनियर रेडक्रॉस के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नाटक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे जिले में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सामाजिक जागरूकता और मानव सेवा पर आधारित प्रभावशाली नाटक की प्रस्तुति देकर निर्णायकों एवं उपस्थित दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। छात्रों की मेहनत, अभिनय क्षमता और टीम भावना ने प्रतियोगिता में उन्हें विशेष पहचान दिलाई। विद्यालय परिवार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा रेडक्रॉस गतिविधियों में निरंतर सहभागिता को दिया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेशभर से विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था, जिसमें बेलबहरा विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया।




### आंबा सहायिका पद पर भर्ती के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ अंतर्गत नगर पंचायत शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रं. 7 आजाद वार्ड में ऑगनबाड़ी सहायिका के 1 पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ ने बताया कि जिसकी प्राविधिक मूल्यांकन सूची का प्रकाशन कार्यालयीन सूचना पटल पर कर दिया गया है। किसी अभ्यार्थियों को प्राविधिक सूची में आपत्ति हो तो वे 13 मई तक ऑनलाइन लिंक पर दावा-आपत्ति कर सकते है।

### जिला मुख्यालय सहित कई क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ हुई बारिश

# रोजाना बदल रहे मौसम का असर सेहत पर, जनजीवन प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया जिला मुख्यालय सहित जिले के कई क्षेत्रों में शनिवार को दोपहर बाद हल्की व मध्यम बारिश हुई, इससे मौसम कूल हो गया। इस दिन सुबह से लेकर दोपहर तक धूप खिली रही, इस बीच हल्के बादल भी आसमान में उमड़ते रहे, लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम बिगड़ा और काले घने बादलों के बीच शहर में हल्की बारिश हुई और थम गई।

इस दौरान तेज हवाएं भी चलती रही। इसी दिन सायं के समय अचानक शहर में कुछ देर तक अचानक बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होने के साथ ही शहर की सड़कों पर आवागमन कम हो गया। कुछ देर की बारिश होने के बाद जब थमी तो चलने वाली हवाओं से मौसम में ठंडक घुल गया और मौसम कूल हो गया। जानकारी के अनुसार इस दिन जिले के कई क्षेत्रों में भी इसी तरह का मौसम बना रहा और कही हल्की तो कही पर मध्यम बारिश हुई, वहीं कहीं पर बुंदाबांदी ही हुआ।

#### खराब मौसम ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में शनिवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज हवाओं, गरज-चमक और झमाझम बारिश ने पूरे जिले का मौसम सुहाना कर दिया।

मनेन्द्रगढ़ शहर सहित चिरमिरी, जनकपुर, खोंगापानी, भरतपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में तेज बारिश दर्ज की गई। अचानक बदले मौसम के चलते लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। दोपहर तक तेज धूप और उमस से लोग परेशान थे, लेकिन अचानक आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद तेज हवाएं चलने लगीं और देखते ही देखते मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। कई जगहों पर बिजली की गरज और चमक के साथ तेज बारिश हुई। बारिश के कारण सड़कें पानी से भर गईं और बाजारों में लोगों को दुकानों व छज्जों के नीचे शरण लेनी पड़ी। तेज हवाओं के चलते कुछ स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### गांव में घरों के मरम्मत का काम जोरों पर

सोनहत। खंड स्तर पर मौसम ने बुधवार को अचानक करवट बदली। दिनभर तेज धूप रहने के बाद शाम करीब 4 बजे आसमान में बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे मौसम पूरी तरह ठंडा और खुशनुमा हो गया। ठंडी शाम का आनंद लेने लोग देर तक सड़कों पर नजर आए, जिससे शहर और गांव दोनों में हलचल देखने को मिली। मौसमी बदलाव के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकानों के रख-रखाव और मरम्मत का काम तेज हो गया है। ग्रामवासियों ने परस्पर सहयोग करते हुए एक-दूसरे के घरों की मरम्मत में सपरिवार जुटना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि मौसम की इस ठंडक और हल्की बारिश ने उन्हें घरों की देखभाल का समय निकालने के लिए प्रेरित किया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी ठंडक और हल्की बारिश का दौर जारी रह सकता है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने अपने हाथों से सौंपा आयुष्मान कार्ड

**बैकुंठपुर।** छग शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत विखं खड़गवां के ग्राम मझौली में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान ग्राम मझौली निवासी सविता को स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ते हुए उनका आयुष्मान कार्ड तत्काल बनाकर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के हाथों प्रदान किया गया। मौके पर ही आयुष्मान कार्ड प्राप्त होने पर सविता ने खुशी जाहिर की। सविता ने सुशासन तिहार 2026 को ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी एवं सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि शासन द्वारा गांव-गांव आयोजित किए जा रहे इन शिविरों से लोगों की समस्याओं का तेजी से समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले छोटे-छोटे कार्यों के लिए लोगों को कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब गांव में ही तत्काल समाधान मिल रहा है। उन्होंने इस जनहितकारी योजना के लिए माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राज्य शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस पहल से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।



# फोर्स 3 के लिए हर्षवर्धन कर रहे कड़ी मेहनत...

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म 'फोर्स 3' के एक्शन सींस के लिए किसी सुनसान इलाके में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। न्यूटन के गति के दूसरे नियम का हवाला देते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला के साथ वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 42 साल के हर्षवर्धन ट्राइसेप्स के लिए बैंड एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, फिर भारी वजन उठाकर अपनी पीठ, कंधों और बाइसेप्स की ट्रेनिंग करते दिख रहे हैं। आखिर में शोल्डर श्रग्स से अपना वर्कआउट पूरा किया। हर्षवर्धन ने बताया कि मुंबई जाने में रोजाना दोनों तरफ से 5 घंटे से ज्यादा समय लग जाता है।

## लाइफ Style

# अनीत
## शक्ति शालिनी से लुक आया सामने

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।*

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो दतिया का है, जहां इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इससे पहले एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें से उनका पहला लुक सामने आया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा है कि यह वीडियो मध्यप्रदेश के दतिया का है। यहां अनीत पड्डा की अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग हो रही है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मंदिर नुमा इमारत बनी है। इसके आस-पास कई लोग चहलकदमी कर रहे हैं। यहां कैमरे और लाइट का भी इंतजाम है। माहौल बिल्कुल शूटिंग वाला है। लगभग एक हफ्ते पहले भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। दावा था कि यह वीडियो भी 'शक्ति शालिनी' का है। वीडियो में नजर आ रहा था कि कुछ लोग स्कूल ड्रेस में कहीं जा रहे हैं। इसमें अनीत पड्डा भी नजर आ रही थीं। वह स्कूल की ड्रेस में थीं। एक व्यक्ति ने उनके ऊपर छतरी लगाई हुई थी। ख्याल रहे कि पिछले साल अनीत पड्डा को फिल्म 'शक्ति शालिनी' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था।



## हॉलीवुड मसाला



# मौत से पहले शेयर किया था डांस वीडियो

**लॉस एंजिल्स।** मनोरंजन की दुनिया से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर आ रही है। 'द ओनली वे इज एसेक्स' के फेम जेक हॉल का स्पेन में निधन हो गया है। वह महज 35 साल के थे। इंटरनेट की दुनिया में हर कोई स्तब्ध है। इसकी वजह ये है कि मौत से कुछ ही घंटे पहले जेक हॉल इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे, नाच रहे थे, पेंटिंग कर रहे थे। उनके दोस्तों का कहना है कि स्पेन टूर के दौरान जेक अपने करीबियों के साथ एक बेहतरीन समय बिता रहे थे। ऐसे में किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि रियलिटी टीवी स्टार को लेकर यह दुखद खबर आएगी।




# फीफा वर्ल्ड कप के लिए शकीरा ने दिखाई नए गाने की झलक

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा अपने गानों और डांस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह अपने गानों से दुनियाभर के लोगों को झूमने पर मजबूर करती हैं। शकीरा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने एक नए गाने का टीजर शेयर किया है। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने गाने का एक मिनट का टीजर शेयर किया है। इसमें वह कई कलाकारों के साथ शानदार डांस कर रही हैं। टीजर शेयर करते हुए शकीरा ने लिखा 'माराकाना स्टेडियम से, पेश है दाई दाई फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ऑफिशियल गाना। इस छोटे से वीडियो में, शकीरा माराकाना स्टेडियम के मैदान पर डांसर्स के साथ नजर आती हैं। वह इंग्लिश में गाती हैं, 'यहां इस जगह पर / तुम ही हो,' एक पुरुष की आवाज उनके साथ सुर मिलाती है 'जिस चीज ने तुम्हें एक बार तोड़ दिया था, उसी ने तुम्हें मजबूत बनाया।'



# आखिरी सवाल का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** संजय दत्त पिछली कई फिल्मों में धमाल मचा चुके हैं। अब वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'आखिरी सवाल' में भी धमाल मचाने वाले हैं। यह जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है। 2 मिनट 54 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक प्रोफेसर की भूमिका में हैं। वह काफी सुलझे हुए और बातचीत में यकीन रखने वाले व्यक्ति हैं। वहीं दूसरी तरफ समीरा रेड्डी और नमाशी चक्रवर्ती हैं। इन दोनों का ताल्लुक लेफ्ट स है। नमाशी चक्रवर्ती संजय दत्त से देश के कई बड़े मुद्दों को लेकर सवाल पूछते हैं। ट्रेलर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इसमें महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस की कथित संलिप्तता, बाबरी मस्जिद विध्वंस और इमरजेंसी जैसे संवेदनशील विषयों के बारे में सवाल पूछे गए हैं।



# अगली फिल्म बॉडी स्वैपिंग कॉमेडी पर आधारित

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही एक नई और मजेदार फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा कर रहे हैं, जो बधाई हो और मैदान जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। शाहिद की आगामी फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जो बॉडी स्वैपिंग पर आधारित होगी। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। इसकी कहानी इटली की एक पुरानी फिल्म 'हस्बैंड एंड वाइफ' से मिलती-जुलती है।इसमें एक पति-पत्नी तलाक की कगार पर हैं। एक वैज्ञानिक का प्रयोग गलत हो जाता है और दोनों का शरीर आपस में बदल जाता है। अब पति पत्नी के शरीर में और पत्नी पति के शरीर में रहकर एक-दूसरे की जिंदगी जीने को मजबूर हो जाते हैं। इस दौरान वे हंसी-मजाक के साथ एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने लगते हैं। फिल्म में कॉमेडी और परिवार का ड्रामा सब कुछ होगा।

## टीवी मसाला



# गुल्लक के पांचवे सीजन का टीजर रिलीज, कास्ट में बड़ा बदलाव...

**नई दिल्ली।** टीवीएफ की पॉपुलर सीरीज 'गुल्लक' का चौथा सीजन साल 2024 में आया था, और तभी से दर्शक मिश्रा परिवार के दरवाजे फिर से खुलने और पांचवें सीजन के आने का इंतजार कर रहे थे। इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि 'गुल्लक' के पांचवे सीजन का टीजर आ गया है। यह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, इस बार कास्ट में बड़ा फेरबदल हुआ है, जो झटका देने वाला है। अन्नू मिश्रा के रोल में अब एक्टर अनंत वी जोशी नजर आएंगे। उन्होंने वैभव राज गुप्ता को रिप्लेस किया है। वैभव पिछले चार सीजन से 'गुल्लक' सीरीज का हिस्सा थे। अन्नू मिश्रा उर्फ अन्नू भैया के रोल में वैभव राज गुप्ता दर्शकों के दिलों में बस गए थे। अब वैभव की जगह 'गुल्लक सीजन 5' में अनंत वी जोशी की एंट्री हुई है, जो हाल ही 'मामला लीगल है' के दूसरे सीजन में नजर आए और खूब तारीफें बटोरीं। अनंत वी. जोशी कमाल के एक्टर हैं और कई सीरीज-फिल्में कर चुके हैं, पर फैंस का मानना है कि वह अन्नू मिश्रा के रोल में वैसे नहीं जम रहे, जैसे वैभव राज गुप्ता थे। 'गुल्लक' के पांचवे सीजन की कास्ट वही पुरानी वाली है। इसमें गीतांजलि कुलकर्णी, हर्ष मायर, जमील खान और सुनीता रजवार वापसी कर रही हैं। अब बात करते हैं 'गुल्लक सीजन 5' के टीजर की, तो इसमें दिखाया गया है कि मिश्रा परिवार के छोटे बेटे अमन मिश्रा पढ़ाई के बाद छुट्टियों में घर लौटते हैं, तो जैसे रौनक लौट आती है। मिश्रा परिवार अमन का स्वागत करता है। फिर नए अन्नू मिश्रा की एंट्री होती है, जो अनंत जोशी बने हैं।

## द वार्ड से होस्टिंग में डेब्यू करेंगी रुबीना

**नई दिल्ली।** मूविंग इमेज स्टूडियोज ने अपने नए नॉन-फिक्शन शो 'द वार्ड'की घोषणा कर दी है, जिसे रुबीना दिलैक होस्ट करेंगी। यह एक रियलिटी शो है, जो मां बनने की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सच्चाइयों को बहुत सही तरीके से दिखाएगा। इस शो में 10 गर्भवती महिलाएं 10 दिनों तक एक छत के नीचे रहेंगी। इस शो को मेटरनिटी वार्ड जैसी सेटिंग में फिल्माया गया है। यह शो, मां बनने की राह पर उनकी असली भावनाओं, विचारों और रिश्तों को ईमानदारी से दिखाएगा। ये महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों से आई हैं। वे धीरे-धीरे अपने निजी अनुभव साझा करेंगी, एक-दूसरे से जुड़ेंगी और बातें करेंगी। इन बातों में शामिल होंगे- समाज की उम्मीदें, लड़कियों के प्रति भेदभाव, करियर की चाहत, परिवार में बदलते रिश्ते और मां बनने की चुनौतियां।



# पर्सन ऑफ द ईयर का मिला अवॉर्ड

*हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने सयानी गुप्ता को एक बड़े सम्मान से नवाजा है। एसोसिएशन ने उनकी काफी तारीफ की है। अभिनेत्री ने कई फिल्मों में बेहतरीन काम करके यह अवॉर्ड हासिल किया है। एक्ट्रेस सयानी गुप्ता को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्हें कहानी कहने के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा है।*

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री का ग्लोबल लेवल पर सांस्कृतिक प्रभाव बढ़ा है। यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्रों में साउथ एशियन लोगों की बड़ी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। यह सम्मान उन लोगों को पहचान देता है जिनके काम ने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई हो। इस सम्मान के जरिए, एसोसिएशन ने स्क्रीन पर सच्ची और सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को लाने के लिए सराहा है। एसोसिएशन ने एक ऑफिशियल बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, 'हम हर साल ऐसे किसी व्यक्ति को सम्मानित करते हैं, जिसके काम ने सार्वजनिक जीवन में साउथ एशियन पहचान को व्यक्त करने के तरीके को आकार दिया हो।' उनके काम की तारीफ करते हुए एसोसिएशन ने कहा, 'सयानी की एक्टिंग ने लगातार पुरानी सोच को चुनौती दी है। वह आज के दौर की कहानियों में गहराई, बेबाकी और सच्चाई लाई हैं। वह सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को आकार देने में एक दमदार आवाज बन गई हैं।' बता दें कि सयानी ने अपनी एक्टिंग के दम पर अपने लिए एक मजबूत जगह बनाई है। वह गहराई और लीक से हटकर चुने गए किरदारों के लिए जानी जाती हैं। सयानी फोर मोर शॉट्स प्लीज!, एक्सोन, आर्टिकल 15, इनसाइड एज'और दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए काफी मशहूर हैं। एक्टिंग के अलावा, सयानी अब अपने कॅरियर में एक नए क्रिएटिव दौर की शुरुआत कर रही हैं। अब वह लेखक और निर्देशक की भूमिका निभाएंगी।



# जैकी द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो में नजर आएंगे, 29 को होगी रिलीज ...

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में नजर आएंगे। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' के निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है। इसमें प्रतीक, स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दासानी, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और कई कलाकार भी हैं। एक महीने पहले फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। टीजर में दिखाया गया कि एक बच्चे की कल्पना कैसे दादा-पोते के रिश्ते को एलियंस के साथ रोमांचक एडवेंचर में बदल देती है। एएनआई के अनुसार, जैकी श्रॉफ ने कहा, 'इस फिल्म के जरिए हम हर बच्चे के सपने को पूरा कर रहे हैं। अगर आपका दिल हमेशा जवान रहे और 90 साल की उम्र में भी हिम्मत बनी रहे, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपनों को हमेशा सबसे पहले जगह देनी चाहिए।'



## गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली

# गीता ने बेसुध होकर भी रिकॉर्ड किया 'बाबूजी धीरे चलना' गाना

*नई दिल्ली। गीता दत्त की आवाज भारतीय सिनेमा की उन जादुई आवाजों में से एक थी, जिनकी गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली। बाबूजी धीरे चलना, मेरा नाम चिन चिन चू, तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले, जाता कहां है दीवाने उनके कुछ सदाबहार गीत आज भी सुनकर होंठ अपने आप चलने लगते हैं। गीता दत्त की आवाज बिल्कुल अलग थी इस वजह से लता मंगेशकर (Lata Mangeshkar) उनकी बहुत बड़ी फैन थी। लता ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो और गीता सारी बातें शेयर करते थे।*



### रफी के साथ गाया था डूएट

आज का किस्सा है फिल्म 12 'ओ' क्लॉक की रिकॉर्डिंग का जिसका संगीत ओ पी नैय्यर ने दिया था। गीता दत्त को इस फिल्म में मोहम्मद रफी के साथ एक डूएट गाना था। गाने का नाम था 'बाबूजी धीरे चलना...'। रफी उस दिन खुद गीता दत्त को लेने उनके घर गए। लेकिन, गीता जब आईं तो वह बेहद नशे में थीं। गीता जब रिकॉर्डिंग स्टूडियो पहुंची तो किसी को यकीन नहीं हुआ कि वो गाना भी गा पाएंगी। लेकिन, उसके बाद जो हुआ वो आज तक इतिहास में दर्ज है। गीता ने अपनी आवाज में ऐसा सुर छेड़ा कि लोग देखते ही रह गए।



### पर्सनल लाइफ में बहुत कुछ झेल रही थीं

गीता दत्त एक ऐसी गायिका थीं जिन्होंने अपनी गायिकी से लाखों दिलों पर राज किया, लेकिन उनकी अपनी जिंदगी अंदर से बेहद बिखरी हुई थी। गीता दत्त ने गुरु दत्त से शादी की थी। शादी ठीकठाक ही चल रही थी कि जिंदगी में एंट्री हो गई वहीदा रहमान की। इस बारे में जब गुरु दत्त की पत्नी को पता चला तो वह बहुत गुस्सा हुईं। गीता ने तो ये तक कह दिया कि उन्हें वहीदा और उनके बीच से किसी एक को चुनना होगा। गुरु दत्त और वहीदा रहमान ने कई सारी फिल्मों में साथ काम किया था।

### क्यों करने लगी थीं नशा?

फिल्म चौदहवी का चांद, कागज के फूल जैसी फिल्मों में उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इस वजह से गीता दत्त, गुरु दत्त से और दूर होती चली गईं और शराब के नशे में डूबी रहती थीं। उन मुश्किल दिनों में उनका प्रोफेशनल जीवन भी प्रभावित होने लगा था। 20 जुलाई 1972 को, महज 41 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु का मुख्य कारण लीवर सिरोसिस था, जो अत्यधिक शराब के सेवन के कारण हुआ था।

## खबर संक्षेप

### किसानों से लिए शुल्क की राशि वापस दिलाने की मांग

राजपुर। धान खरीदी के दौरान किसानों से तौलाई, भराई, सुतली एवं पलटी करने के लिए गए शुल्क की राशि वापस दिलाने की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर बलरामपुर जिले की सभी समितियों में किसानों से ली गई राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष जिले की विभिन्न समितियों के माध्यम से लाखों क्विंटल धान की खरीदी की जाती है। धान बेचने के लिए जब किसान खरीदी केंद्रों में पहुंचते हैं, तब उन्हें धान की तौलाई, भराई, पलटी तथा सुतली सहित अन्य कार्यों के लिए अलग से राशि देनी पड़ती है। समिति प्रबंधकों द्वारा किसानों को यह आश्वासन दिया जाता है कि उक्त राशि बाद में उनके खाते में वापस कर दी जाएगी, लेकिन अधिकांश किसानों को आज तक यह भुगतान नहीं मिल पाया है। मुकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जिले की सभी सहकारी समितियों की जांच कराई जाए तथा किसानों से तौलाई, भराई और अन्य मदों में ली गई राशि का सत्यापन कर उसे सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा कराया जाए।

### फांसी लगाने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। युवक ने अज्ञात कारण से अपने कमरे में फांसी लगा लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम मोहरा निवासी सुदर्शन आ. इंदर (25 वर्ष) 4 मई की देर रात घर आया और कमरे में सो गया। इसी बीच देर रात युवक अपने कमरे में कपड़ा के सहारे फांसी लगा लिया। घटना को देख मां ने शोर मचाई तो परिजन किसी तरह उसे फांसी से उतार तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि युवक अक्सर देर रात घर आता था। 4 मई को भी देर रात घर आया और सो गया था। इसी बीच अज्ञात कारण से फांसी लगा लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की हुई मौत

बिश्रामपुर। जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कमलपुर में अंकित मंडल के यहां सपरिवार रहकर मजदूरी करने वाले उदयपुर थाना निवासी 35 वर्षीय युवक अमरजीत बिंझिया पिता माझी बिंझिया की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई,पुलिस ने सूचना पर शव का पंचनामा करने पश्चात मर्ग कायम किया है,पुलिस ने बताया कि मृतक शराब सेवन करने का आदि था,वह कमलपुर निवासी अंकित मंडल के यहां सपरिवार रहकर मजदूरी करता था,कल उसने शराब के नशे की हालत में पत्नी से विवाद किया जिसके बाद उसकी पत्नी अपने रिश्तेदार के यहां रहने अंबिकापुर चली गई है। शुक्रवार की प्रातः उसकी अचानक तबियत खराब होने के कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई,रिपोर्ट पर पुलिस ने शव पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया है जिसकी रिपोर्ट मिलने पश्चात ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### सावंत सरना ग्राम पंचायत डीपाडीहकला में शिविर 11 को

बलरामपुर। जिले में चल रहे सुशासन तिहार समाधान शिविर विकासखण्ड शंकरगढ़ के सावंत सरना ग्राम पंचायत डीपाडीहकला में 2 जून को निर्धारित किया गया था। उक्त शिविर में संशोधित करते हुए 11 मई को निर्धारित की गई है। शिविर में ग्राम पंचायत डीपाडीह कला, अय्यारी, चांगरो, बादा, कोदवा, रेहडा, देवसराकला, उदरसई, कृष्णनगर, कोटालू, उमको, करमीउरांवटोली, घुघरीकला, कोठली, नवाडीह के ग्रामीण लाभान्वित होंगे।

---

### रिजर्व फॉरेस्ट पर किया गया था कब्जा, 2021 में 54 लोगों को जारी हुआ था नोटिस

# महामाया पहाड़ के डबरीपानी में चला बुलडोजर, 21 मकान जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शुक्रवार की सुबह शहर महामाया पहाड़ के बधियाचुआं डबरीपानी में वन विभाग का बुलडोजर चला। वन विभाग ने कब्जा कर बनाए गए मकानों को तोड़ने के साथ ही वनभूमि को कब्जामुक्त कराने का कार्य किया गया। इस कार्रवाई में वन विभाग के साथ राजस्व और पुलिस विभाग की टीम शामिल रही। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। टीम को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा लेकिन बारी भारी पुलिस बल की मौजूदगी में लोगों के घरों को खाली कराने के साथ ही उनपर बुलडोजर चलाया गया। दिनभर चली कार्रवाई के बाद टीम ने 21 मकानों को जमींदोज कर दिया। इनमें 18 पुराने कब्जाधारी के साथ ही 3 नए कब्जाधारी भी शामिल है। वहीं पूर्व डिप्टी सीएम ने कार्रवाई को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि उन बिचौलिए पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने लाखों रूपए लेकर शासकीय भूमि का कब्जा बेचा इसके साथ ही उन अधिकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए जिन्होंने कब्जा होने दिया।

बता दें कि शहर के महामाया पहाड़ पर बड़ी संख्या में लोगों ने कब्जा कर अवैध रूप से मकानों का निर्माण किया गया है। महामाया पहाड़ पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए वर्षों से पहल चल रही है और इस बीच वन विभाग ने महामाया पहाड़ के बधियाचुआं डबरीपानी क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई के तहत रिजर्व फारेस्ट 2582 में किए गए कब्जा को हटाने के लिए गुरुवार की रात के अंधेरे में लोगों के घरों में नोटिस चस्पा किया गया था। नोटिस चस्पा करने पहुंची वन विभाग की टीम को स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के विरोध का सामना करना पड़ा था इसके साथ ही क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। नोटिस चस्पा होने के बाद लोगों ने रातभर खुले आसमान के नीचे गुजारी। वहीं अल सुबह वन विभाग के साथ ही राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम भारी दलबल के साथ मौके पर पहुंची थी। अतिक्रमण हटाने के लिए टीम के पहुंचते ही हडकंप मच गया और लोग अधिकारियों के सामने मिन्नतें करते नजर आए लेकिन अधिकारियों ने लोगों की एक नहीं सुनी। एसडीओ श्वेता कंबोज, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, एसडीएम बन सिंह नेताम, एसडीओ श्रीमती जेनी ग्रेस कुजूर, रेंजर आशीष कुमार देवांगन के नेत्रित्व में पहुंची टीम ने लोगों को जल्द से जल्द अपना अपना मकान खाली करने की अंतिम चेतावनी दी। अंतिम चेतावनी के बाद लोगों में अफरा तफरी मच गई। बरसों से पाई पाई जमा कर अपना आशियाना बसाने वाले लोगों को घरों को खाली किया। मकानों के खाली होने के बाद वन विभाग ने अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया। जेसीबी मशीनों की मदद से रिजर्व फारेस्ट की भूमि पर किए गए कब्जा को मुक्त कराया गया। देर शाम तक चली कार्रवाई के दौरान टीम ने कुल 21 मकानों को जमींदोज कर दिया।

**35 ले आए स्टे ऑर्डर, एक के पास मिला वन अधिकार पत्र, रात के अंधेरे में नोटिस चस्पा करने का हुआ विरोध**





### 54 को नोटिस, 35 ले आए स्टे

बताया जा रहा है कि वन विभाग ने आरएफ 2582 डबरीपानी में कुल 54 अतिक्रमणकारियों को वर्ष 2021 में नोटिस जारी किया था इसके साथ ही उन्हें अतिम नोटिस 29 जुलाई 2021 को जारी किया गया और उसके बाद से ही अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही थी। इस बीच वन विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम की धारा 80 'अ' के तहत अंतिम बेदखली आदेश 17 जनवरी 2025 को जारी किया था। इस नोटिस के बाद 54 में से 34 अतिक्रमणकारी हाईकोर्ट का नोटिस ले आए थे। इन अतिक्रमणकारियों ने खुद को वन अधिकारी पत्र के लिए पात्र बताते हुए आवेदन किया है और इनके प्रकरण लम्बित है। वहीं कार्रवाई के दौरान एक अतिक्रमण कारी ने हाईकोर्ट का स्टे पेश किया जबकि एक के पास वन अधिकार पत्र था। ऐसे में इन दो मकानों को भी छोड़ दिया गया जबकि शेष 18 मकानों को वन विभाग ने जमीदोज किया। वहीं जिन लोगों के वन अधिकार पत्र के प्रकरण लंबित है उनका निर्णय पात्रता के निर्धारण और सुनवाई के बाद किया जाएगा।

### जिन्होंने कब्जा बेचा उनपर भी हो कार्रवाईः सिंहदेव

वन विभाग द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की लापरवाही के कारण ऐसी स्थिति बनती है और अतिक्रमण का क्रम चलता है। भू माफिया इस तरह के कारोबार में लिप्त होते है वो कब्जा बेचते है और यह प्रशासनिक अधिकारियों की जानकारी व मौन सहमती के बिना नहीं हो सकता है।

### हटाए गए हैं 21 अतिक्रमण

रिजर्व फॉरेस्ट के कक्ष क्रमांक 2582 में 54 लोगों ने अतिक्रमण किया था और सभी को अंतिम बेदखली नोटिस एक साल पहले ही जारी किया गया था। इनमें से 34 लोगों ने हाईकोर्ट से स्टे लाया था। कार्रवाई के दौरान एक अन्य ने स्टे ऑर्डर और एक ने वन अधिकार पत्र प्रस्तुत किया। मौके पर तीन नए अतिक्रमण भी पाए गए। इस तरह 18 पुराने और 3 नए कुल 21 मकानों को तोड़कर कब्जा मुक्त कराया गया है। कार्रवाई के लिए दिन के समय में ही अलाउंसमेंट कराया गया था। भविष्य में शेष बचे लोगों में जो पात्र नहीं होने उनपर भी कार्रवाई करेंगे।

**अभिषेक जोगावत**, डीएफओ सरगुजा

### कार्रवाई के बीच हो गए तीन नए अतिक्रमण

कार्रवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि तीन नए अतिक्रमण भी किए गए है। वन विभाग ने इन तीन नए अतिक्रमण को भी हटाया गया लेकिन बड़ा सवाल यही है कि जब 2021 से महामाया पहाड़ पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है तो फिर नया अतिक्रमण कैसे हो गया। सवाल उठाए जा रहे है कि जिस समय नया अतिक्रमण किया जा रहा था उस समय जिम्मेदार अधिकारी कहां थे और उन्होंने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की और अतिक्रमण को होने दिया।

### रात में चस्पा किए गए नोटिस

बड़ी बात यह है कि वर्षों से चल रही अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया के दौरान कब्जाधारियों को मकान खाली करने के लिए नोटिस चस्पा करने का काम गुरुवार की रात को किया गया। वन विभाग की टीम रात के समय नोटिस लेकर पहुंची थी और लोगों के मकानों पर चस्पा कर रही थी। इस दौरान कुछ लोगों ने इसकी सूचना कांग्रेस नेता सतीश बारी को दी। सूचना के बाद पूर्व पार्षद सतीश बारी व अन्य मौके पर पहुंचे और रात के समय नोटिस चस्पा किए जाने पर वन विभाग के लोगों से सवाल किया।

---

## सटीक नक्शा तैयार कर करें जनगणना का कार्य : पिंगुआ

**अम्बिकापुर।** शुक्रवार को सरगुजा के प्रवास पर पहुंचे अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मनोज कुमार पिंगुआ ने जिले में चल रहे जनगणना कार्य की समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव श्री पिंगुआ ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र में ईरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 25, रामानुज वार्ड क्रमांक 33 तथा ग्रामीण क्षेत्र में चठीरमा पहुंचकर उन्होंने प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य की जानकारी ली तथा घर-घर जाकर किए जा रहे मकान सूचीकरण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगणकों द्वारा तैयार नक्शों का अवलोकन करते हुए कहा कि सटीक नक्शा तैयार कर जनगणना कार्य करें। उन्होंने अब तक की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए सभी जानकारी नागरिकों की सहमति से सटीक रूप से दर्ज की जाए। उन्होंने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगणकों को नागरिकों से विनम्र संवाद स्थापित करने, गोपनीयता बनाए रखने तथा प्रत्येक जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करने कहा ।

■ अपर मुख्य सचिव ने किया जनगणना कार्यों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

### ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित महिला चिकित्सक के घर चोरी

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर पुलिस ने ऑफिसर कॉलोनी स्थित 2ए क्वार्टर नंबर 39 में महिला चिकित्सक के घर हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है,आरोपी ने नगदी रकम चोरी करने के साथ-साथ दो मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को भी स्वीकार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एसईसीएल केंद्रीय अस्पताल बिश्रामपुर में पदस्थ सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. शुभांगी वर्मा ने 7 अप्रैल को थाना बिश्रामपुर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी,उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल की शाम वह इमरजेंसी ड्यूटी के लिए घर के दरवाजे में ताला लगाकर गई थीं,अगले दिन सुबह करीब 7:30 बजे ड्यूटी से लौटने पर घर का गेट खुला मिला और दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखे पर्स से लगभग 40 हजार रुपये नकद चोरी हो चुके थे,रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स भविष्य की सबसे प्रभावशाली तकनीक

**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वाराहैंड्स ऑन प्रैक्टिसेस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित पाँच दिवसीय कार्यशहला के अंतिम दिन कार्यशाला के उद्देश्य,युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग तथा आधुनिक डिजिटल तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।



कार्यशाला में कुलपति प्रो. राजेन्द्र लाकपाले ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य की सबसे प्रभावशाली तकनीकों में से एक है और आने वाला समय पूरी तरह एआई आधारित होने जा रहा है।भविष्य में संभव है कि अधिकांश कक्षाओं की शिक्षण व्यवस्था एआई संचालित हो जाए और विश्वविद्यालय केवल पारंपरिक शिक्षा केंद्र न रहकर आईटी हब के रूप में विकसित हों। उन्होंने विद्यार्थियों से नई तकनीकों को सीखने, डिजिटल कौशल विकसित करने तथा शोध और नवाचार के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कुलपति ने कहा कि एआई केवल एक तकनीक नहीं बल्कि भविष्य की आवश्यकता है और जो युवा समय के साथ स्वयं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाएंगे, वही आने वाले समय में सफलता प्राप्त करेंगे। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. आलोक कुमार कुशवाहा ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और आधुनिक तकनीकी विकास के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत देवगढ़ में कार्यक्रम 11 को

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 की अवधि के लिए एक वर्षव्यापी राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के रूप में गतिविधियों का आयोजन ग्राम पंचायत, ब्लॉक और तहसील स्तर से लेकर जिला और राज्य स्तर तक सभी शिवालयों (शिव मंदिरों) में भक्तिपूर्ण, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। जिपं सीईओ एवं ज्ञानभारतम के नोडल अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि 11 मई को सोमनाथ में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में एक विशेष राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में सरगुजा जिले में भी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आयोजन का सीधा प्रसारण करने हेतु व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है। कार्यकम 11 मई को सरगुजा जिले के तहसील उदयपुर में ग्राम देवगढ़ के प्राचीन शिवमंदिर में आयोजित है। कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के साथ-साथ भक्तिपूर्ण सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष के अंतर्गत संवाद, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य सहभागितापूर्ण गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे।

## सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकराया ट्रेलर, वाहन में फंसे चालक की मौत

अम्बिकापुर। एनएच 130 जोगी बांध के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे ट्रेलर वाहन के टकरा जाने से वाहन में फंसे चालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर अंतर्गत थाना मरहा केलही निवासी उपेन्द्र कुमार आ. विजय (31 वर्ष) पिछले दो साल से रतनपुर में नवीदात के यहा ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएल 6250 को चलाने का काम करता था। 5 मई को बिलासपुर महान खदान 3 से प्रतापपुर जाने के लिए निकला था। चालक जैसे ही वाहन लेकर एनएच 130 जोगीबांध के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 ईसी 5740 के पीछे जा टकराया। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक वाहन में ही फंस गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच लोगों की मदद से किसी तरह घायल चालक को बाहर निकाला और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चालक की गुरूवान की शाम उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पांगन नदी महुआ घाट में अवैध रेत उत्खनन, ग्रामीणों में आक्रोश

**रामानुजगंज।** विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पचावल स्थित पांगन नदी के महुआ घाट से पोकलेन मशीन लगाकर अवैध रेत उत्खनन करने का मामला सामने आया है। लगातार हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर दिन-रात नदी से रेत निकाला जा रहा है जिससे नदी का स्वरूप बिगड़ रहा है और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है।




ग्रामीणों ने बताया कि भारी मशीनों के उपयोग से नदी के किनारों का कटाव बढ़ गया है तथा आसपास के क्षेत्रों में जलस्तर प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि अवैध उत्खनन के कारण ग्रामीण मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर अवैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।इस संबंध में खनिज विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार कार्रवाई की मांग उठ रही है वहीं क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम आनंद राम नेताम ने बताया कि पांगन नदी से अवैध रेत उत्खनन होने का मामला संज्ञान में आया है।मामले की जांच कराने के साथ ही दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

### जिला स्तरीय सम्मेलन में किया गया सम्मानित

# श्रमिकों के बिना विकास की परिकल्पना संभव नहीं- सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सांसद चिंतामणि महाराज के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि श्रमवीरों के सच्चे सम्मान के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

राज्य सरकार द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में सुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बिना विकास की परिकल्पना भी संभव नही है। शासन के कुशल नेतृत्व में श्रमिकों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है। जिनके बेहतर क्रियान्वयन से श्रमिक को लाभ मिल रहा है। प्रदेश सरकार सभी वर्ग के हितों के विकास के दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने श्रमिकों को पंजीयन कर योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। जनपद अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा ने कहा कि श्रमिकों की मेहनत और समर्पण के कारण ही विकास कार्यों को गति मिल रही है तथा देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और श्रमिकों के हितों की रक्षा, उनके सम्मान, आर्थिक सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण के लिए श्रम विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में असंगठित एवं संगठित श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कल्याण के लिए महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल सुरक्षा योजना, नौनिहाल शिक्षा एवं छात्रवृत्ति योजना, श्रमिक सियान सहायता योजना, दिव्यांग सहायता योजना, निःशुल्क गणवेश वितरण तथा प्रसूति सहायता योजना जैसी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

---


**विभित्र पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**
**(एन ई. आर. डी. सी. एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग.)**
**(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान) (रजि.U85499CT2023NPL015-480)**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन पाठ्यक्रमों में 12वी के प्राप्तांको के अनुसार (एन.ई.आर.डी.सी.) एजुकेशनल काउंसिल संचालित विभित्र सहयोगी पाठ्यकमों मे (सत्र 2026-27) मे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभित्र प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के नाम

| D.M. L.T. | W.B.A. | M.P.H.W. | C.O.T. | G.D.A. | E.M.T. | C.O.D. | DIALYSIS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | वार्डबाय असिसटेट | मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | सर्टिफिकेट इन आपरेशन टेक्निशियन | जनरल ड्यूटी असिसटेट | इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | डिप्लोमा डायलिसिस टेक्निशियन |

आवेदन हेतु 12वी कक्षा मे न्युनतम प्रतिशत :- 40% .विकलागं/सैनिक/स्व.संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक .निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूण विवरण स्पष्ट रूप से भरे। साथ ही 25 रू का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफा में अपना स्वय का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विधार्थी सत्र 2026 में 12वी उत्तीर्ण किये है वह विधार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारो को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिग हेतु पात्र होगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विधार्थी आवेदन कर सकते है।

* आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30.06.2026 तक
* कार्यालय का पता :- **NERDC** एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग.
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान)
पिन- 495001

प्रति,
संचालक,
**NERDC** एजुकेशनल काउंसिल
मध्यनगरी चौक बिलासपुर छ.ग
महोदय,

पासपोर्ट साइज फोटो

..........................................(पाठ्यकम का नाम) मे चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ....................................................
2. पिता/पति का नाम....................................................
3. जन्म तिथि अंको मे....................................................
4. अनु.जाति/अनु.जनजाति/पिछडा वर्ग / सामान्य..........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित....................................
6. मो.न...................................व्हाब्सएप नंबर.........................
7. शैक्षणिक योग्यता....................................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**NERDC EDUCATIONAL COUNCIL BILASPUR (C.G.) 495001**

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अम्बिकापुर।** बहन के साथ बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे बाइक सवार को करमडीहा के समीप पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम मेढ़ारी निवासी राम बरन आ. पंचम राम (22 वर्ष) गुरूवार को बहन रामे के साथ बाइक से त्रिकुंडा क्षेत्र के ग्राम मोहली साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गया था। बाजार से खरीदारी कर वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम करमडीहा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 1992 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बहन को मामूली चोटे आई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कोल ब्लाक को फारेस्ट क्लीयरेंस नहीं दिया जाए : टीएस



**अम्बिकापुर।** केते एक्सटेंसन कोल ब्लॉक की वन स्वीकृति देने के मुद्दे पर होने वाली केन्द्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वन सलाहकार समिति (एफएसी) की बैठक से पहले पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने समिति के सदस्यों से बात की। उन्होंने ईमेल व वाट्सएप से कई दस्तावेज भेज कर ऐतिहासिक स्थल रामगढ़ के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में पहल करते हुए कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया व केते एक्सटेंशन कोल माइन जो हसदेव अरण्य कोल फील्ड्स का हिस्सा है के लिये फारेस्ट क्लीयरेंस नहीं देने अथवा रिजेक्ट करने की मांग की है। पूर्व डिप्टी सीएम ने बताया कि 1,742.155 हेक्टेयर जंगल की जमीन माइनिंग के लिए इस्तेमाल की जाएगी जिससे लगभग 7 लाख से ज्यादा पेड़ काटे जाएंगे जो एक पुराने और साफ-सुथरे जंगल का हिस्सा है।इस इलाके में माइनिंग की वजह से पास की रामगढ़ पहाड़ियों में कई दरारें आ गई हैं, जो एएसआई के सेंट्रल प्रोटेक्टेड स्मारक का हिस्सा है। पहाड़ी की एरियल दूरी 8 किमी है लेकिन रिपोर्ट में इसे गलत तरीके से खनन स्थल से 10 किलोमीटर से ज्यादा दूर बताया गया है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि खदान की दूरी पहाड़ी के सबसे पास वाले किनारे से नहीं, बल्कि सबसे दूर वाले किनारे से मापी गई थी, जहां प्राचीन गुफाएं मौजूद हैं। अगर यह पहाड़ी गिर जाती है, तो रामगढ़ की प्राचीन गुफाएँ और मंदिर भी इसके साथ ही नष्ट हो जाएंगे।

### बलौदा क्षेत्र के ठडगाबहरा और जैजैपुर इलाके के नंदेली की घटना

# ट्रेलर की टक्कर से भाई-बहन की मौत, कार की भिड़ंत में गई एक जान



ठडगाबहरा चौक में हादसे के बाद आक्रोशित लोगों को समझाईश देती पुलिस



नंदेली में टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा

रफ्तार के कहर ने 24 घंटे के भीतर 3 लोगों की जान ले ली। ट्रेलर की टक्कर से जहां बाइक सवार भाई बहन की मौत हो गई। वहीं दो कार की भिडंत में एक कार सवार की मौत हो गई जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है।

पहली घटना बलौदा थाना क्षेत्र के ठडगाबहरा में हुई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर बिरंगहनी गांव के पास ठड़गाबहरा चौक में एक ओवरलोड ट्रेलर अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार सगे भाई-बहन को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार बिरगहनी निवासी 18 वर्षीय संजय कुर्रे और उनकी बहन अंजुलता कुर्रे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित लोग मुआवजे की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। वहीं ट्रेलर मालिक ने मृतक के परिजनों को सहायता राशि दी। इसके बाद मामला शांत हुआ। बलौदा पुलिस मामले की जांच और ट्रेलर चालक की तलाश में जुटी है। इधर सक्ती जिले में गुरुवार की देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जैजैपुर थाना क्षेत्र के नंदेली बस स्टैंड के पास दो कार की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान छिर्राडीह निवासी पुनिराम टंडन (52 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं हादसे में आमाकोनी निवासी ओमकार प्रसाद चंद्रा (40 वर्ष) और अंजोर चंद्रा (27 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि तीनों कार क्रमांक सीजी 11 बीएन 6925 से अपने घर से ग्राम ठठारी बारात में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार नंदेली बस स्टैंड के पास पहुंची, सामने से तेज रफ्तार में आ रही स्कॉर्पियो ने सीधे सामने से टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार पुनिराम टंडन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल होकर वाहन में फंस गए। घटना की सूचना पर जैजैपुर पुलिस मौके पर पहुंची। कार में फंसे घायलों को किसी तरह बाहर निकालकर तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल में दोनों घायलों का इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना माना जा रहा है। फिलहाल दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की दरकार

### गर्भवती महिलाओं को उपचार में होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिले के 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है जिसके कारण गर्भवती महिलाओं को प्रसव सहित अन्य तरह की समस्या आने पर परेशानी उठानी पड़ती है। जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से कोई सरोकार तक नहीं है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले में सात सामुदायिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है। प्राथमिक स्तर का उपचार तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो जाता है लेकिन संस्थागत प्रसव समेत अन्य कार्य स्वास्थ्य केंद्र में प्रभावित हो रहे हैं। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की समस्या विगत लंबे समय से बनी हुई है। स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं हो पाने के कारण प्रसव को लेकर परेशानी बढ़ जाती है। मजबूरन निजी अस्पतालों में प्रसव कराना पड़ता है। जिले के नवागढ़, अकलतरा, पामगढ़, बलौदा, खरौद, बम्हनीडीह व केरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन तो किया जा रहा है लेकिन ज्यादातर गर्भवती महिलाओं को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली ज्यादातर महिलाओं की स्थिति मध्य एवं गरीब वर्ग से रहती है । ऐसे में सरकारी अस्पताल उन महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं रहता है ताकि महिलाओं का समुचित उपचार सरकारी अस्पतालों के माध्यम से हो सके लेकिन महिला विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं हो पाने के कारण प्रसव के लिए महिलाओं को कई तरह की परेशानी भी उठानी पड़ती है। एक तरफ राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा महिलाओं को प्रसव के दौरान सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इस बात को ध्यान में रखकर कई तरह के योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा भी दिया जाना रहता है। इस पर सरकार के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च भी किया जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचल में रहने वाली मध्य एवं गरीब वर्ग से आने वाली गर्भवती महिलाओं को महिला चिकित्सक नहीं हो पाने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मजबूरन निजी अस्पतालों में जाकर प्रसव कराना पड़ता है।

**की गई है मांग**

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी है। जिसके चलते गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती है। चिकित्सकों की भर्ती को लेकर मांग पत्र भेजा गया है।

-श्रीमती अनीता श्रीवास्तव
प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जांजगीर

# अब व्हाट्सएप से अपडेट होगा राशन कार्ड का मोबाइल नंबर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के राशनकार्ड धारियों के लिए एक बड़ी सुविधा शुरू की गई है। भारत सरकार एवं खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अब अन्न-सहायता व्हाट्सएप सुविधा प्रारंभ की गई है, जिसके माध्यम से हितग्राही अपने राशन कार्ड में मोबाइल नंबर आसानी से दर्ज एवं अपडेट कर सकेंगे। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी विष्णु नारायण शुक्ला द्वारा जिले के सभी खाद्य निरीक्षकों एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार अब राशनकार्डधारी ई-पॉस मशीन के अतिरिक्त व्हाट्सएप पर उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन कर अपने राशन कार्ड क्रमांक, आधार नंबर के अंतिम चार अंक एवं मोबाइल नंबर दर्ज कर सकेंगे। ओटीपी सत्यापन के बाद मोबाइल नंबर सफलतापूर्वक अपडेट होने की सूचना एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। खाद्य विभाग ने जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में अन्न-सहायता क्यूआर कोड को प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं ताकि अधिक से अधिक हितग्राही इस सुविधा का लाभ उठा सकें। साथ ही दुकानदारों एवं खाद्य निरीक्षकों को व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए राशन कार्डधारियों के मोबाइल नंबर अपडेट कराने की कार्रवाई प्राथमिकता से पूर्ण कराने कहा गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने निर्देशित किया है कि यह अभियान 15 मई तक पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा में प्रस्तुत किया जाए।

# सर्वरोग निवारण निःशुल्क योग शिविर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



योग फेस्ट 2026 के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योग शिविर की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जनसहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में पतंजलि योगपीठ छग प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि योग फेस्ट 2026 का आयोजन 31 मई से 6 जून तक मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक कर स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न योग क्रियाओं, प्राणायाम और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी। बैठक के दौरान आयोजन समिति के सदस्यों ने शिविर स्थल, पंजीयन व्यवस्था, प्रचार-प्रसार और विभिन्न गतिविधियों को लेकर सुझाव साझा किए। आयोजकों ने कहा कि आपके सुझाव, हमारा संकल्प स्वस्थ समाज का निर्माण थीम के साथ इस आयोजन को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। योगधारा योग फेस्ट 2026 के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस निःशुल्क योग शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। आयोजकों ने नागरिकों से योग अपनाने और निरोग जीवन की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर पंकज जैन संचेती, प्रवीण निशि, नरेन्द्र अरोरा, बबलू जायसवाल, सतीश उपाध्याय, सरजू यादव, दिनेश्वर मिश्रा, प्रवीण निशि, नीरज अग्रवाल, रफीक मेमन, अजमुद्दीन अंसारी, जयचंद बोथरा, संजय सिंह सेंगर, राजू यादव, नारायण अग्रवाल, मधु पोद्दार, मनीष अग्रवाल, रितेश सिंघल, ओम प्रकाश जायसवाल, जमील शाह, सपन महतो, दिनेश शुक्ला चरण जीत सिंह समेत नगर के गणमान्य जन मौजूद रहे।

# लंबित मामलों के निराकरण के लिए अगस्त में लगेगी विशेष लोक अदालत

**बैकुण्ठपुर।** न्याय को सरल, सुलभ एवं जनसामान्य तक पहुंचाने तथा आपसी सहमति एवं सहभागिता के माध्यम से विवादों के सौहार्दपूर्ण निराकरण के उद्देश्य से भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय परिसर नई दिल्ली में आयोजित विशेष लोक अदालत के माध्यम से होगा। इस विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त प्रकरणों का आपसी सहमति एवं सुलह के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

विशेष लोक अदालत के पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण/समितियों के मध्यस्थता केन्द्रों में किया जा रहा है। समाधान समारोह के तहत सुलह-वार्ता की प्रक्रिया 21 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है। अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं संबंधित पक्षकारों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए आमंत्रण किया गया है। सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला एवं तालुका स्तर के विधिक सेवा प्राधिकरणों तथा मध्यस्थता केन्द्रों में किया जाएगा, जहां प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पक्षकारों को समाधान के लिए सहयोग प्रदान करेंगे। पक्षकार इन बैठकों में सशरीर अथवा वर्चुअल माध्यम से भी सम्मिलित हो सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों को समाधान समारोह विशेष लोक अदालत 2026 में शामिल करने के लिए एक गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया गया है, जिसे भरना अत्यंत सरल है। इच्छुक पक्षकार सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फॉर्म लिंक भरकर अपने प्रकरण को विशेष लोक अदालत में शामिल करा सकते हैं। गूगल फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुंठपुर को सर्वोच्च न्यायालय से प्री-सिटिंग के लिए 13 प्रकरण प्राप्त हुए हैं। इन सभी प्रकरणों में सुलह-वार्ता की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है तथा दोनों पक्षों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। दक्ष मध्यस्थ अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर में प्री-सिटिंग आयोजित की जाएगी।

# धूप-छांव के बीच बढ़ा बादलों का घनत्व, तेज हवा के साथ बौछारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ मई मध्य तक सिस्टम के सक्रिय रहने की संभावना

शुक्रवार को तेज रफ्तार हवाएं चलने के साथ ही शाम में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी फिलहाल अंधड़ पानी से राहत नहीं मिलने एवं मई मध्य तक मौसम के प्रभावित रहने एवं बीच-बीच में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

उत्तर भारत में लगातार एक के बाद एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के कारण पिछले एक सप्ताह से मौसम बदला हुआ है। विक्षोभ के प्रभाव से देश के विभिन्न हिस्सों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका के प्रभावी होने के कारण खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है जिससे आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ गई है। बीच-बीच में तेज धूप भी निकल रही है। धूप-छांव के बीच शुक्रवार को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही तेज रफ्तार हवाएं चली एवं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ी। मौसम कार्यालय द्वारा कुल 1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान में उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड में चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पछुआ विक्षोभ सक्रिय है वहीं मध्य राजस्थान, पंजाब, उत्तरप्रदेश एवं उड़ीसा में चक्रवाती परिसंचरण वहीं पाकिस्तान मध्य राजस्थान व पंजाब के ऊपर प्रभावी चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर बांग्लादेश तक एक द्रोणिका प्रभावी है। एक साथ कई मौसमी घटकों के प्रभावी होने से भविष्य में वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के साथ ही 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है। पूर्व में सक्रिय पछुआ विक्षोभ अभी कमजोर नहीं पड़ा है तथा आगामी तीन दिनों तक इसके प्रभावी रहने की संभावना जताई जा रही है। इधर 10 मई को उत्तर भारत में एक नए विक्षोभ के पहुंचने की संभावना है।

ऐसे में मध्य मई तक धूप-छांव का क्रम जारी रहने के साथ ही कहीं-कहीं वर्षा होने की भी संभावना जताई जा रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है साथ ही गर्मी से राहत है। मौसम की स्थिति को देखते हुए मध्य मई तक गर्मी से राहत रहने के साथ ही दिन के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है लेकिन द्रोणिका के झारखण्ड एवं बिहार के ऊपर से गुजरने के कारण उत्तर छत्तीसगढ़ के मौसम के भी प्रभावित रहने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी गरज-चमक के साथ ही कहीं-कहीं वज्रपात होने की भी संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### खराब मौसम ने...

पर गिर गईं, इससे यातायात प्रभावित हुआ। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकानों और खेतों में रखे कृषि उपकरणों को भी नुकसान पहुंचने की खबरें सामने आई हैं। मौसम में आई इस अचानक तब्दीली से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। हालांकि इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि मई माह में इस तरह की लगातार बारिश सामान्य नहीं मानी जाती। ग्रामीण क्षेत्रों के कई किसानों ने आशंका जताई कि यदि मौसम का यही मिजाज बना रहा तो आने वाले जुलाई और अगस्त में पर्याप्त बारिश नहीं हो सकती, जिससे खरीफ फसलों पर असर पड़ने की संभावना बढ़ जाएगी। किसानों का मानना है कि मौसम चक्र में हो रहे बदलाव खेती-किसानी के लिए चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में बदलाव वैश्विक जलवायु परिवर्तन का असर हो सकता है। हालांकि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि आने वाले मानसून पर इसका कितना प्रभाव पड़ेगा। विशेषज्ञों ने किसानों को मौसम विभाग की सलाह के अनुसार खेती संबंधी तैयारियां करने की बात कही है। फिलहाल जिले में रूक-रूक कर बारिश का दौर जारी है और मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों तक तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है।

### सुशासन तिहार के तहत लगा जनसमस्या निवारण शिविर

**सरसींवा।** गुरुवार को नगर पंचायत सरसींवा में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जहां आम नागरिक अपनी वर्षों पुरानी समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ प्रशासन के समक्ष पहुंचे। नगर पंचायत परिसर में आयोजित इस शिविर में लगभग 25 विभागों के अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे। राजस्व, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, पेंशन, राशन कार्ड, आवास, सड़क, नाली, सामाजिक सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों को लेकर नागरिकों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। शिविर में 200 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश आवेदन स्थानीय समस्याओं एवं बुनियादी सुविधाओं से संबंधित रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत सरसींवा की अध्यक्ष गुलेचन बंजारे सहित नगरपंचायत के पार्षदगण एक्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कई विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ करते देखा गया।

# रेत का अवैध परिवहन करते 4 वाहन जब्त, अवैध भंडारण पर भी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज : सक्ती



जब्त किए गए वाहन।

रेत के अवैध भंडारण और परिवहन पर खनिज विभाग की उडनदस्ता टीम ने कार्रवाई की है। रेत का अवैध परिवहन करते 4 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। वहीं दो स्थानों पर अवैध रूप से भंडारित रेत के भी जब्ती की कार्रवाई की गई है।

सक्ती जिले में रेत के अवैध कारोबार पर लगाम कसने प्रशासन की टीम इन दिनों मुस्तैद हो गई है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग उड़नदस्ता द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की जांच और कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 7 मई को ग्राम मोहंदीखुर्द में 2 स्थानों पर अवैध रूप से भंडारण किए गए रेत को जब्त करने की कार्रवाई की गई। इसी तरह 8 मई को सक्ती, मसनीयाकला एवं मोहंदीखुर्द में रेत के अवैध परिवहन के 4 प्रकरण दर्ज किए गए। इस प्रकार कुल 6 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए 4 नग वाहनों को जप्त कर संबंधित रक्षित निरीक्षक कार्यालय सक्ती एवं थाना सक्ती में सुरक्षार्थ रखा गया है। उक्त अवैध रेत भण्डारण के संबंध में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी के. के. बजारे का कहना है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज अमले द्वारा सतत कार्यवाही की जाएगी।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
1 जुलाई, 7 जुलाई, 15 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026 (11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोटः-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त